इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका के अन्तर्गत 28 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No.** **67/TUS/2**
**कोड नं०**

**Set / सेट** **A**

# हिन्दी
# (301)

Day and Date of Examination ..............................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..............................................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..............................................................................

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) एवं (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
5. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 67/TUS/2, सेट A लिखें।

## Important Instructions

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers—one based on revised study material marked as **New Syllabus** and the other based on pre-revised study material marked as **Old Syllabus**.

2. **New Syllabus** is for those candidates who have registered for 2023–2024 *(Stream–I and Block–I)* admission and are appearing in April–2024 Examinations.

3. **Old Syllabus** is for those candidates who had registered before 2023–2024 *(Stream–I and Block–I)* admission.

4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.

5. Candidates are not allowed to mix questions from the given two Question Papers.

## महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न–पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न–पत्र हैं—एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **नया पाठ्यक्रम** अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर **पुराना पाठ्यक्रम** अंकित है।

2. **नया पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023–2024 *(स्ट्रीम–I और ब्लॉक–I)* में हुआ है तथा जो अप्रैल–2024 परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन *2023–2024 (स्ट्रीम–I और ब्लॉक–I)* के पहले हुआ है।

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न–पत्रों में से केवल एक प्रश्न–पत्र से ही उत्तर लिखें।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न–पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।

**नया पाठ्यक्रम**

# हिन्दी
# (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न–पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए *1* अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। कुछ प्रश्नों में विकल्प भी दिए गए हैं। जिनमें से आपको केवल एक प्रश्न का उत्तर देना है।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें *3* अंक के **दो** प्रश्न, *7* अंक के **दो** प्रश्न तथा *10* अंक का **एक** प्रश्न है तथा विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघूत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *4* अंक के **दो** तथा लघूत्तरीय प्रश्न–2 के अन्तर्गत *5* अंक के **दो** प्रश्न हैं। दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *6* अंक के **चार** तथा दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न–2 के अंतर्गत *8* अंक का **एक** प्रश्न है। इनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

दिए गए पाठ्यक्रम पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : 1×20=20

**1.** (क) 'भरत का भ्रातृप्रेम' में किस छंद का सर्वाधिक उपयोग किया गया है?

(A) दोहा (B) चौपाई

(C) कवित्त (D) सोरठा

**अथवा**

(ख) श्रीकृष्ण द्वारा गले पर धारण किए गए आभूषण में क्या सुशोभित हो रहा है? सूरदास द्वारा रचित पद के आधार पर लिखिए।

(A) सिंहनख (B) सिंह

(C) कठुला (D) वज्र

**2.** (क) श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के लिए मीरा ने क्या मूल्य चुकाया है?

(A) धनराशि (B) मान-सम्मान

(C) कीर्ति (D) सिंहासन

**अथवा**

(ख) बिहारी द्वारा रचित दोहा 'कनक-कनक तै सौगुनी' में किसका नशा धतूरे से भी अधिक है?

(A) भाँग का (B) मदिरा का

(C) पद का (D) धन का

**3.** (क) 'बढ़े चलो, बढ़े चलो' कविता में भारतमाता किसके प्रकाश से प्रकाशित है?

(A) सूरज की किरणों से (B) चंद्रमा की चाँदनी से

(C) स्वयं अपने प्रकाश से (D) शहीदों के बलिदान से

**अथवा**

(ख) 'परशुराम के उपदेश' कविता में 'चट्टानों की छाती से दूध निकालने' का क्या अर्थ है?

(A) शत्रु पर विजय प्राप्त करना

(B) विपरीत परिस्थितियों का सामना करना

(C) दुर्गम परिस्थितियों का सामना कर अपना लक्ष्य प्राप्त करना

(D) दुर्गम परिस्थितियों का सामना कर आगे की ओर बढ़ना

**4.** 'क्या भूलूँ, क्या याद करूँ' कविता के आधार पर लिखिए कि अतीत की दुखद स्मृतियों का कवि पर क्या प्रभाव पड़ता है।

(A) उसकी आँखें आँसुओं से भर जाती हैं (B) वह ईश्वर को दोषी ठहराने लगता है

(C) वह अपने को सँभाल नहीं पाता (D) उसका दिल भारी हो जाता है

**5.** जंगल और पहाड़ एक-दूसरे के ______ हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'सतपुड़ा के घने जंगल' कविता के आधार पर उचित विकल्प का चयन कर लिखिए।

(A) विरोधी (B) मित्र

(C) पूरक (D) समानांतर

**6.** 'भेड़िया' प्रतीकार्थ नहीं है

(A) अत्याचारी वर्ग का (B) शोषक वर्ग का

(C) सत्ताधारी वर्ग का (D) हिंसक पशुओं का

**7.** (क) 'संयुक्त परिवार' कविता की विषयवस्तु किस पर आधारित नहीं है?

(A) टूटते-बिखरते सामाजिक संबंधों पर
(B) टूटते-बिखरते संयुक्त परिवारों पर
(C) एकल परिवारों के बढ़ते प्रचलन पर
(D) गाँव से शहरों की ओर पलायन पर

**अथवा**

(ख) 'संयुक्त परिवार' कविता के संदर्भ में लिखिए कि 'अतिथि देवो भव' की हमारी परंपरा क्यों टूट रही है।

(A) एकल परिवार और परिवारवाद के कारण
(B) संयुक्त परिवार और समाजवाद के कारण
(C) जीवन की अति व्यस्तता के कारण
(D) निजी स्वार्थ को अधिक महत्त्व देने के कारण

**8.** (क) 'आग जलनी चाहिए' से कवि दुष्यंत कुमार का आशय है

(A) शत्रुभाव रहना चाहिए
(B) बदलाव के लिए संघर्ष चेतना होनी चाहिए
(C) सहनशील नहीं होना चाहिए
(D) असहयोग करना चाहिए

**अथवा**

(ख) 'भेड़िया' कविता संदेश देती है

(A) पाशविकता के विरुद्ध संगठित हो संघर्ष करने की
(B) हिंसक भेड़ियों के विरुद्ध मशाल जलाने की
(C) भेड़ियों जैसे हिंसक पशुओं के खिलाफ एकजुट होने की
(D) पाशविकता और मानवीयता के बीच संतुलन बनाने की

**9.** 'चीफ की दावत' पाठ में किस भारतीय कला का उल्लेख किया गया है?

(A) गायन
(B) नृत्य
(C) पाक
(D) फुलकारी

**10.** चीफ के आगमन पर शामनाथ के सामने सबसे बड़ी समस्या क्या थी?

(A) अतिथियों के खाने-पीने का प्रबंध करना
(B) छोटे से घर में चीफ को आमंत्रित करने का संकोच
(C) माँ और चीफ का आमना-सामना न हो जाए
(D) चीफ के जाने से पहले माँ का सो जाना

**11.** 'चीफ की दावत' पाठ में शामनाथ माँ को हरिद्वार क्यों नहीं भेजना चाहता था?

(A) माँ से बहुत अधिक प्रेम करता था

(B) चीफ के लिए फुलकारी बनवाना चाहता था

(C) हरिद्वार आने-जाने का खर्च नहीं करना चाहता था

(D) सामाजिक मान-मर्यादा का भय था

**12.** (क) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ में वयोवृद्ध साहित्यकारों के उदास होने का क्या कारण था?

(A) तरुणों द्वारा जीवन का आनंद भोगना

(B) स्वयं की शक्ति का क्षीण हो जाना

(C) तरुणों द्वारा देखभाल न किया जाना

(D) मनोवांछित मान-सम्मान का न मिलना

**अथवा**

(ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ का कथ्य है

(A) उम्र और अनुभव के महत्त्व को स्पष्ट करना

(B) तरुणों की कुंठा, अकेलेपन का वर्णन करना

(C) पीढ़ियों के संघर्ष को उजागर करना

(D) वयोवृद्ध साहित्यकारों की स्थिति का वर्णन करना

**13.** सुभद्रा कुमारी चौहान ने अपनी कहानियों में वर्णित किया है

(A) जीवन और समाज की समस्याओं को

(B) स्त्री जीवन की समस्याओं को

(C) पराधीन भारत की स्थिति को

(D) राजनीतिक जीवन की उथल-पुथल को

**14.** (क) ''मैं कन्यादान नहीं करूँगी''—कथन सुभद्रा कुमारी चौहान के व्यक्तित्व की किस विशेषता को दर्शाता है?

(A) रूढ़िवादी परंपराओं की विरोधी

(B) रीति-रिवाजों की विरोधी

(C) स्त्री स्वतंत्रता की पक्षधर

(D) विद्रोही स्वभाव

**अथवा**

(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान और महादेवी वर्मा के बीच रिश्ते का आधार है

(A) परस्पर स्नेह और विश्वास

(B) अनावश्यक बंधनों का विरोध

(C) पारंपरिक रूढ़ियों का विरोध

(D) साहित्यकारों के प्रति सहिष्णुता

**15.** (क) 'अंडमान डायरी' के आधार पर लिखिए कि सेल्यूलर जेल में बंद भारतीयों की आँखों में एकमात्र स्वप्न क्या था।

(A) जेल से रिहाई
(B) अपनों से मिलन
(C) अपनों की सलामती
(D) देश की आज़ादी

**अथवा**

(ख) सेल्यूलर जेल के फाँसी घर में एक-साथ कितने लोगों को फाँसी देने की व्यवस्था थी?

(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) पाँच

**16.** अंडमान द्वीप के समुद्र पर मँडराती चिड़ियों के माध्यम से लेखक ने स्मरण किया है

(A) अंडमान जेल में कार्यरत कर्मचारियों को
(B) आज़ादी के दीवाने स्वतंत्रता सेनानियों को
(C) आज़ादी के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों को
(D) आज़ादी के लिए जीवन देने वाले गुमनाम शहीदों को

**17.** 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी से लिए गए कथन ''आपके लाडले बेटे की रीढ़ की हड्डी है भी या नहीं'' का आशय है

(A) शारीरिक रूप से स्वस्थ है या नहीं
(B) किसी के सामने कुछ कार्य करने का साहस है या नहीं
(C) दृढ़ता के साथ अपनी राय व्यक्त करने का साहस है या नहीं
(D) शारीरिक सुदृढ़ता और मानसिक बल है या नहीं

**18.** 'कुटज' पाठ में हिमालय को देखकर द्विवेदी जी के मन में किसकी मूर्ति स्पष्ट हुई?

(A) समाधिस्थ महादेव की
(B) महादेव के अलक-जाल की
(C) एक ठिगने से शानदार पेड़ की
(D) मस्तमौला व्यक्ति की

**19.** (क) अनौपचारिक पत्र का संबंध है

(A) अपने संबंधियों या मित्रों से
(B) कामकाजी व्यक्तियों से
(C) स्कूल के प्रधानाचार्य से
(D) सरकारी विभाग से

**अथवा**

(ख) संबोधन और अधोलेख नहीं होता

(A) परिपत्र में
(B) सरकारी पत्र में
(C) ज्ञापन में
(D) अधिसूचना में

**20.** (क) दिल्ली की हिंदी पर अधिक प्रभाव है

(A) पंजाब, हरियाणा का (B) यू० पी०, राजस्थान का

(C) उत्तराखंड, यू० पी० का (D) हरियाणा, राजस्थान का

**अथवा**

(ख) किस भाषा में औपचारिकता और सतर्कता अधिक होती है?

(A) मौखिक (B) लिखित

(C) साहित्यिक (D) सांकेतिक

**21.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में दीजिए : 1×3=3

(क) 'चीफ की दावत' कहानी में शामनाथ के घर आए मेहमान माँ का उपहास क्यों उड़ाने लगे?

(ख) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ किस शैली में लिखा गया है?

(ग) 'अंडमान डायरी' के संदर्भ में 'कालापानी' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) कुटज की तुलना राजा जनक से क्यों की गई है?

**22.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** के उत्तर सही/गलत में दीजिए : 1×3=3

(क) औपचारिक और अनौपचारिक दोनों ही प्रकार के पत्रों में आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ होती हैं।

(ख) पत्राचार भाग के कच्चे प्रारूप को टिप्पण कहा जाता है।

(ग) विशिष्ट प्रयोजन के लिए प्रयुक्त भाषा प्रयोजनमूलक भाषा कहलाती है।

(घ) यूट्यूब वीडियो शेयर करने का एक प्लैटफॉर्म है।

**23.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **सात** के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

आँधियाँ नहीं जिसमें उमंग भरती हैं,
छातियाँ जहाँ संगीनों से डरती हैं,
शोणित के बदले जहाँ अश्रु बहता है,
वह देश कभी स्वाधीन नहीं रहता है,
पकड़ो अयाल, अंधड़ पर उछल चढ़ो रे!
किरिचों पर अपने तन का चाम मढ़ो रे!

(क) यह रचना किस कवि की है?

(A) दिनकर (B) बच्चन

(C) तुलसी (D) राजेश जोशी

(ख) 'अयाल' किसकी होती है?

(A) भेड़िये की (B) शेर की

(C) खूँखार पशुओं की (D) अंधड़ की

(ग) 'आँधियाँ' से तात्पर्य है

(A) तूफान (B) शत्रु सेना

(C) क्रांति (D) स्वतंत्रता सेनानी

(घ) ये पंक्तियाँ किन्हें संबोधित हैं?

(A) देशवासियों को (B) श्रमिकों को

(C) शहीदों को (D) पाठकों को

(ङ) कौन-सा देश स्वाधीन नहीं रहता?

(A) आँसू बहाने वाला (B) रक्त बहाने वाला

(C) संगीनों से डरने वाला (D) आँधियों से लड़ने वाला

(च) कौन-सा लक्षण 'वीर' का नहीं है?

(A) शत्रु का सामना करना (B) कष्टों से उमंगित होना

(C) आँधियों से खेलना (D) आँसू बहाना

(छ) ''अंधड़ पर उछल चढ़ो रे!'' का भाव है

(A) आँधी आने पर भी खेलते रहो (B) मौसम का ध्यान रखो

(C) दुश्मन से सावधान रहो (D) शत्रुओं पर टूट पड़ो

(ज) 'दिनकर' अपनी भाषा को ______ बनाने में सिद्धहस्त हैं।
रिक्त स्थान के लिए उपर्युक्त शब्द होगा

(A) लाक्षणिक (B) सरल

(C) दुरूह (D) काव्यात्मक

(झ) 'दिनकर' के काव्य-शिल्प की विशेषता है

(A) स्मृतियों का चित्रण (B) वैराग्य और उमंग

(C) लाक्षणिकता और ओज (D) क्रोध और नाराजगी

(ञ) कवि के अनुसार वीर का स्वभाव नहीं है

(A) आँधियों से टकराना (B) छाती पर वार झेलना

(C) शेर की अयाल पकड़कर भाग जाना (D) शत्रु को पराजित करना

**24.** दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित किन्हीं **सात** प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : $1\times7=7$

दूर पर्वतराज हिमालय की हिमाच्छादित चोटियाँ हैं, वहीं कहीं भगवान महादेव समाधि लगाकर बैठे होंगे; नीचे सपाट पथरीली जमीन का मैदान है, कहीं-कहीं पर्वतनंदिनी सरिताएँ, आगे बढ़ने का रास्ता खोज रही होंगी—बीच में यह चट्टानों की ऊबड़-खाबड़ जटाभूमि है—सूखी, नीरस, कठोर! यहीं आसन मारकर बैठे हैं मेरे चिरपरिचित दोस्त कुटज। एक बार अपने झबरीले मूर्धा को हिलाकर समाधिनिष्ठ महादेव को पुष्प स्तवक का उपहार चढ़ा देते हैं और एक बार नीचे की ओर अपनी पाताल-भेदी जड़ों को दबाकर गिरिनंदिनी सरिताओं को संकेत से बता देते हैं कि रस का स्रोत कहाँ है। जीना चाहते हो? कठोर पाषाण को भेदकर, पाताल की छाती चीरकर अपना भोग्य संग्रह करो, वायुमंडल को चूसकर, झंझा-तूफान को रगड़कर, अपना प्राप्य वसूल लो, आकाश को चूमकर, अवकाश की लहरी में झूमकर उल्लास खींच लो। कुटज का यही उपदेश है।

(क) गद्यांश के लेखक का नाम है

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(B) दुष्यंत कुमार
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) प्रेमचंद

(ख) गद्यांश के पाठ का नाम है

(A) ठेस
(B) दो कलाकार
(C) कुटज
(D) जिजीविषा की विजय

(ग) हिमालय की चट्टानों पर आसन मारकर कौन बैठा है?

(A) भगवान शिव
(B) कुटज
(C) अलकनंदा
(D) शिवालिक पर्वत

(घ) पर्वतनंदिनी किसे कहा गया है?

(A) झंझा-तूफान को
(B) पाताल-भेदी जड़ों को
(C) नदियों को
(D) वनस्पतियों को

(ङ) भगवान महादेव समाधि लगाए कहाँ विराजमान हैं?

(A) कैलाश मानसरोवर पर
(B) पथरीली जमीन पर
(C) बर्फ से ढकी चोटियों पर
(D) ऊबड़-खाबड़ जमीन पर

(च) 'मूर्धा' का अर्थ नहीं है

(A) मस्तक
(B) सिर
(C) चोटी
(D) मुर्दा

(छ) कुटज भगवान शिव को कौन-सा उपहार भेंट करता है?

(A) पुष्प (B) पत्तियाँ

(C) फल (D) बेल

(ज) 'झंझा' का अर्थ है

(A) आँधी (B) हवा

(C) अग्नि (D) पानी

(झ) 'हिमाच्छादित' का संधि-विच्छेद है

(A) हिमा + छादित (B) हिम + आच्छादित

(C) हिमाच्छा + दित (D) हिमाच्छ + आदित

(ञ) कुटज का वास्तविक संदेश है

(A) कठोर पाषाण को भेदो, अपना भोग्य वसूलो

(B) आँधी-तूफान का सामना कर आगे बढ़ो

(C) पाताल की छाती चीरो, रस प्राप्त करो

(D) विपरीत परिस्थितियों का सामना कर अपना लक्ष्य प्राप्त करो

**25.** व्याकरण संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उपयुक्त उत्तर लिखिए : 1×10=10

(क) विलोम शब्द लिखिए : अनुराग, उत्कर्ष

(ख) उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए : आकलन, मरियल

(ग) निम्नलिखित वाक्य में विराम-चिह्न लगाकर पुनः लिखिए :

आपने उसे क्यों बुलाया

(घ) निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध करके पुनः लिखिए :

सच में क्या तुमने प्रथम स्थान मिला है।

(ङ) निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध रूप लिखिए : शांती, उज्जवल

(च) मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए :

प्रधानाचार्य के आते ही प्रार्थना शुरू हो गई।

(छ) कर्तृवाच्य में बदलिए : रूपाली द्वारा कढ़ाई की जाती है।

(ज) संधि-विच्छेद कीजिए : देवासुर, पुस्तकालय

(झ) विग्रह सहित समास का नाम लिखिए : नीलकमल **या** दिनरात

(ञ) 'ईन' प्रत्यय से दो नए शब्द बनाइए।

(ट) 'ऊँट के मुँह में जीरा' मुहावरे का अर्थ सहित वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ठ) 'आमरण' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है?

(ड) 'पर्यावरण' शब्द स्वर संधि के कौन-से भेद का उदाहरण है?

(ढ) 'कुछ' शब्द सर्वनाम के किस भेद का उदाहरण है?

(ण) रेखांकित भाग का कारक लिखिए :

वह <u>पेंसिल से</u> चित्र बनाता है।

**26.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) सपनेहुँ दोस कलेसु न काहू।
मोर अभाग उदधि अवगाहू।।
बिनु समुझें निज अघ परिपाकू।
जारिउँ जायँ जननि कहि काकू।।
हृदयँ हेरि हारेउँ सब ओरा।
एकहि भाँति भलेहिं भल मोरा।।
गुरु गोसाइँ साहिब सिय रामू।
लागत मोहि नीक परिनामू।।

**अथवा**

(ख) आया होगा न जाने किस काम से वह
न जाने कितनी बातें रही होंगी मुझसे कहने को
चली गई हैं सारी बातें भी लौट कर उसी के साथ
रास्ते में हो सकता है कहीं उसने पानी तक न पिया हो
सोचा होगा शायद उसने कि यहीं मेरे साथ पिएगा चाय
कैसा लगता है इस तरह किसी का घर से लौट जाना

**27.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50-60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) गोपियाँ कृष्ण की बाँसुरी क्यों छिपा लेती हैं? कृष्ण द्वारा गोपियों से बाँसुरी माँगने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होती है? सूरदास द्वारा रचित पद के आधार पर लिखिए।

(ख) 'परशुराम के उपदेश' कविता के संदर्भ में स्वतंत्रता का महत्त्व अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) 'भेड़िया' कविता में भेड़िया का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए।

**28.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

आँसू से भाग्य पसीजा है, हे मित्र, कहाँ इस जग में?
नित यहाँ शक्ति के आगे, दीपक जलते पग-पग में।
कुछ तनिक ध्यान से सोचो, धरती किसकी हो पाई?
मधुमास मधुर रुचिकर है, पर पतझर भी आता है।
जग रंगमंच का अभिनय, जो आता सो जाता है।
सचमुच वह ही जीवित है, जिसमें कुछ बल-विक्रम है।
पल-पल घुड़दौड़ यहाँ है, बल-पौरुष का संगम है।
दुर्बल को सहज मिटाकर, चुपचाप समय खा जाता,
वीरों के ही गीतों को, इतिहास सदा दोहराता।
फिर क्या विषाद, भय, चिंता जो होगा सब सह लेंगे,
परिवर्तन की लहरों में, जैसे होगा बह लेंगे।

(क) ''आँसू से भाग्य पसीजा है''—पंक्ति का आशय क्या है?

(ख) इतिहास में किसका नाम अमर रहता है और क्यों?

(ग) ''जग रंगमंच का अभिनय, जो आता सो जाता है''—पंक्ति के माध्यम से जीवन की किस शाश्वतता का उल्लेख किया गया है?

(घ) ''मधुमास मधुर रुचिकर है, पर पतझर भी आता है''—पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) क्या आपको भी ऐसा लगता है कि समय की दौड़ में दुर्बल व्यक्ति का टिक पाना कठिन है?

**29.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) मेरे मन में सावरकर के प्रति पूर्वाग्रह था, क्योंकि उनका संबंध 'हिन्दू महासभा' से रहा। मैंने यह नहीं सोचा कि एक रूप में अपनी अस्मिता की तलाश सांप्रदायिकता नहीं। कम-से-कम ऐसा व्यक्ति सांप्रदायिक नहीं हो सकता, जिसने देशभक्ति की इतनी बड़ी सजा भोगी हो।

**अथवा**

(ख) उनके मानसिक जगत में हीनता की किसी ग्रंथि के लिए अवकाश नहीं रहा, घर से बाहर बैठकर वे कोमल और ओज भरे छंद लिखने वाले हाथों से गोबर के कंडे पाथती थीं। घर के भीतर तन्मयता से आँगन लीपती थीं, बर्तन माँजती थीं। आँगन लीपने की कला में मेरा भी कुछ प्रवेश था, अतः हम दोनों प्रतियोगिता के लिए आँगन के भिन्न छोरों से लीपना आरंभ करते थे।

**30.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग *50-60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) 'चीफ की दावत' कहानी में शामनाथ अपनी माँ के साथ किस प्रकार का व्यवहार करता है? उससे उसके चरित्र के विषय में क्या पता चलता है?

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(ग) 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के आधार पर लिखिए कि पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ी को दायित्व क्यों नहीं सौंपना चाहती। इससे युवा पीढ़ी किस प्रकार प्रभावित होती है?

**31.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

आत्मनिर्भरता का अर्थ है—अपने ऊपर निर्भर रहना, जो व्यक्ति दूसरे के मुँह को नहीं ताकते, वे ही आत्मनिर्भर होते हैं। वस्तुतः आत्मविश्वास के बल पर कार्य करते रहना आत्मनिर्भरता है। आत्मनिर्भरता का अर्थ है समाज, निज तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना। व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र में आत्मविश्वास की भावना, आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। स्वावलंबन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलंबी अवश्य होना चाहिए। स्वावलंबन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है। स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण है। वीरों तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है। सर्वांगीण उन्नति का आधार है।

आत्मनिर्भर बनकर हार्दिक आनंद प्राप्त करो। स्वावलंबन के अन्य अनेक उदाहरण भी देखने को मिलते हैं। पेड़-पौधों व पशु-पक्षियों में तो स्वावलंबन कूट-कूटकर भरा है। पौधे अपना भोजन स्वयं बनाते हैं। सूर्य से प्रकाश, चंद्रमा से रस और धरती से जल प्राप्त कर स्वयं बढ़ते जाते हैं। पशु-पक्षी जरा से बढ़े हुए नहीं कि निकल पड़ते हैं अपने भोजन की तलाश में।

(क) 'आत्मनिर्भरता' का क्या तात्पर्य है?

(ख) गद्यांश में जीवन में सफलता का मूलमंत्र किसे माना गया है और क्यों?

(ग) स्वावलंबन के लिए गद्यांश में प्रयुक्त विशेषण/उपमा को स्पष्ट कीजिए।

(घ) गद्यांश में पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों का उल्लेख क्यों किया गया है?

(ङ) आप सफलता का मूलमंत्र किसे मानते हैं? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *50-60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) अखिल भारतीय शिक्षा एवं संस्कृति परिषद् के महानिदेशक की ओर से कार्यालयों में मोबाइल फोन पर होने वाले व्यय के लिए धन-राशि की सीमा निर्धारित करने हेतु परिपत्र लिखिए।

(ख) सरकारी कार्यालय के सहायक अधिकारी द्वारा बी० ए० की पढ़ाई करने हेतु उच्च अधिकारी को टिप्पण लिखा गया था; उसके प्रत्युत्तर में अधिकारी द्वारा टिप्पण लिखिए।

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *50-60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) कार्यालयी हिंदी किसे कहते हैं? इसकी **दो** विशेषताएँ लिखिए।

(ख) संचार माध्यमों में प्रयुक्त होने वाली हिन्दी पर टिप्पणी लिखिए।

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *80-100* शब्दों में लिखिए : 4+4=8

(क) मोबाइल फोन विभिन्न संचार माध्यमों का संवाहक है। सिद्ध कीजिए।

(ख) गूगल टूल द्वारा देवनागरी लिपि में टाइप करना सरल कैसे हुआ है?

**पुराना पाठ्यक्रम**

# हिन्दी
# (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **17** तथा **32** से **34** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए *1* अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। कुछ प्रश्नों में विकल्प भी दिए गए हैं। जिनमें से आपको केवल एक प्रश्न का उत्तर देना है।

(v) प्रश्न संख्या **18** से **21** तथा **35** एवं **36** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें *3* अंक के **तीन** प्रश्न, *5* अंक का **एक** प्रश्न, *6* अंक का **एक** प्रश्न तथा *10* अंक का **एक** प्रश्न है। इनमें विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **22** से **31** तथा **37** एवं **38** विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघूत्तरीय प्रश्न के अंतर्गत *2* अंक के **दो** तथा *3* अंक के **दो** प्रश्न हैं। दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न के अंतर्गत *4* अंक के **छह** तथा *8* अंक के **दो** प्रश्न शामिल हैं, जिनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×17=17

**1.** (क) 'रामचरितमानस' किस भाषा की रचना है?

(A) मैथिली (B) ब्रजभाषा

(C) अवधी (D) अवहट्ठ

**अथवा**

(ख) राम को वनवास देने का दोषी भरत ने किसे माना?

(A) कैकेयी को (B) दशरथ को

(C) अपने भाग्य को (D) कुलगुरु वसिष्ठ को

**2.** (क) रहीम ने घर से निकाले व्यक्ति की तुलना की है

(A) मानव देह से  (B) आँसू से

(C) विभीषण से  (D) भाई से

**अथवा**

(ख) 'मान सहित मरिबो भलो' कहकर रहीम ने जीवन में किसे महत्त्व दिया है?

(A) सम्मान को  (B) अपमान को

(C) वरदान को  (D) विषपान को

**3.** बिहारी ने 'जगत' की तुलना किससे की है?

(A) वृन्दावन  (B) तपोवन

(C) मधुवन  (D) मायावन

**4.** बिहारी ने अत्यंत सुंदर रचना की है

(A) शृंगार, भक्ति, नीतिपरक रचनाओं की

(B) देशभक्ति, युद्धकला, वीरतापरक रचनाओं की

(C) प्रेम की अनुभूतिपरक रचनाओं की

(D) केवल शृंगारपरक रचनाओं की

**5.** (क) निराला ने 'श्याम तन, भर बँधा यौवन' कहकर किसकी ओर संकेत किया है?

(A) ग्रीष्म ऋतु की  (B) मजदूरनी की

(C) अट्टालिका की  (D) अनामिका की

**अथवा**

(ख) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता के माध्यम से कवि किसका पक्षपात करना चाहता है?

(A) शोषक का  (B) शोषित का

(C) पोषित का  (D) कलुषित का

**6.** (क) महादेवी वर्मा की कविताओं में स्पष्ट झलक मिलती है

(A) प्रगतिवाद की | (B) छायावाद की

(C) भौतिकवाद की | (D) प्रकृतिवाद की

**अथवा**

(ख) 'बारे उजियारो लगे, बढ़ै अँधेरो होय' रहीम के इस दोहे में बारे और बढ़ै शब्दों में कौन-सा अलंकार है?

(A) उपमा | (B) श्लेष

(C) दृष्टान्त | (D) अनुप्रास

**7.** (क) रहीम ने 'आत्मसम्मान' न होने पर किसको वरीयता दी है?

(A) भोजन | (B) मृत्यु

(C) अमृत | (D) पूजा

**अथवा**

(ख) रहीम अधोलिखित भाषाओं में से किसमें कविता नहीं करते थे?

(A) ब्रज | (B) अवधी

(C) संस्कृत | (D) जापानी

**8.** 'दो कलाकार' कहानी के आधार पर लिखिए कि अरुणा और चित्रा के बीच क्या संबंध था।

(A) मित्रता का | (B) शत्रुता का

(C) वैमनस्य का | (D) प्रतिस्पर्धा का

**9.** (क) 'अनपढ़ बनाए रखने की साजिश'—यह पाठ है

(A) यात्रावृत्तांत | (B) संपादकीय

(C) ललित निबंध | (D) विज्ञापन

**अथवा**

(ख) सगुण भक्ति-धारा काव्य की विशेषताओं में नहीं है

(A) गुरु का महत्त्व | (B) नवधा भक्ति का आधार

(C) रहस्यवाद | (D) आराध्य का गुणकीर्तन

**10.** कृष्णभक्ति काव्य की विशेषता नहीं है

(A) कृष्ण को विष्णु का अवतार मानना

(B) कृष्ण के रूप का लोकरंजक होना

(C) सवैया छंद के प्रयोग का अभाव

(D) कृष्ण की सख्यभाव की भक्ति

**11.** हिन्दी नए चाल में ढली

(A) भारतेंदु युग में

(B) द्विवेदी युग में

(C) छायावाद युग में

(D) रहस्यवाद युग में

**12.** इनमें से रीतिकाल के कवि हैं

(A) तुलसीदास

(B) सूरदास

(C) बिहारी

(D) दिनकर

**13.** 'विराटा की पद्‌मिनी' उपन्यास में संदेश दिया गया है

(A) देश की स्वाधीनता की रक्षा करने का

(B) देश के दुश्मनों की रक्षा करने का

(C) देश के अन्न भंडार की रक्षा करने का

(D) कुमुद की वीरता की रक्षा करने का

**14.** अच्छे निबंध की विशेषता नहीं है

(A) तर्कपूर्ण विचार

(B) प्रभावशाली भाषा

(C) विषयानुकूलता

(D) प्रभावहीनता

**15.** पालर गाँववासियों द्वारा कुमुद को देवी/पद्‌मिनी मानने का कारण नहीं है

(A) वह चंपा के फूलों के समान गोरी थी

(B) उसके शरीर से सुगंध निकलती थी

(C) वह कमल के समान कोमल थी

(D) वह लोगों के रोग दूर कर देती थी

**16.** (क) अच्छे पत्र का गुण नहीं है

(A) संक्षिप्तता (B) कठिनता

(C) सहजता (D) प्रभावशीलता

**अथवा**

(ख) पारिवारिक संबंधियों/मित्रों को लिखे गए पत्र कहलाते हैं

(A) औपचारिक पत्र (B) अनौपचारिक पत्र

(C) आवेदन पत्र (D) शिकायती पत्र

**17.** (क) निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) अर्धसरकारी पत्र, कार्यालय ज्ञापन, कार्यालय में प्रयोग के लिए लिखे जाते हैं।

(B) प्रशासनिक कार्यों से संबंधित पत्र व्यवहार कार्यालयी पत्राचार कहलाता है।

(C) संक्षिप्तता अच्छे पत्र का गुण नहीं है।

(D) कार्यालय आदेश अनौपचारिक पत्र में आता है।

**अथवा**

(ख) कार्यालय आदेश की भाषा में प्रयोग किया जाता है

(A) सामान्य पुरुष का (B) मध्यम पुरुष का

(C) अन्य पुरुष का (D) प्रथम पुरुष का

**18.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** के उत्तर सही/गलत में दीजिए : 1×3=3

(क) प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व तथ्यों की जाँच-पड़ताल आवश्यक है।

(ख) व्यक्ति या समिति द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

(ग) प्रतिवेदन पूर्णतः निष्पक्ष तथा तटस्थ विवेचन पर होता है।

(घ) नेमी टिप्पण भी टिप्पण का एक प्रकार है।

(ङ) किसी भी पत्र का कच्चा रूप तैयार करना प्रारूपण नहीं कहलाता है।

**19.** कविता पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में दीजिए : 1×5=5

(क) 'बिहारी के दोहे' 'धँस्यौ मनौ हिय-घर समर ड्योढ़ी लसत निसान' में कौन-सा अलंकार है?

(ख) 'बिहारी के दोहे' किस ग्रंथ से उद्धृत हैं?

(ग) 'आँखिन आँखि लगी रहैं आँखैं लागति नाहिं' में 'आँख लगना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(घ) 'उर अस आनत कोटि कुचाली'—तुलसी की इस चौपाई में 'कोटि कुचाली' का क्या अर्थ है?

(ङ) कैकेयी के प्रति कहे किन वचनों के लिए भरत के मन में पश्चाताप है?

(च) तुलसीदास भक्तिकाल की किस काव्यधारा के कवि हैं?

**20.** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **छः** प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : 1×6=6

दुःख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुःखी वह है जिसका मन परवश है। परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ-हजूरी। जिसका मन अपने वश में नहीं है, वही दूसरे के मन का छंदावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडंबर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है।

(क) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(A) एक था पेड़ एक था ठूँठ
(B) दो कलाकार
(C) कुटज
(D) अनुराधा

(ख) इस पाठ के लेखक हैं

(A) हरिशंकर परसाई
(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) राजेन्द्र यादव
(D) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(ग) गद्यांश में सुखी व्यक्ति की पहचान क्या है?

(A) जिसके पास धन है
(B) जिसका मन अपने वश में है
(C) जिसका शरीर स्वस्थ है
(D) जिसके पास सुख-सुविधा है

(घ) 'गिड़गिड़ाना' अर्थ के लिए गद्यांश में आया मुहावरा है

(A) दाँत निपोरना | (B) हाँ-हजूरी करना

(C) आडंबर रचना | (D) जाल बिछाना

(ङ) 'कुटज' पाठ किस शैली में लिखा गया है?

(A) कथात्मक शैली में | (B) गवेषणात्मक शैली में

(C) संवादात्मक शैली में | (D) विवादात्मक शैली में

(च) कुटज किसका प्रतीक है?

(A) पिपासा का | (B) जिजीविषा का

(C) जिज्ञासा का | (D) प्रशंसा का

(छ) 'कुटज' पाठ का संदेश है

(A) विकट परिस्थितियों में झुकना

(B) विकट परिस्थितियों में न झुकना

(C) विकट परिस्थितियों से लड़कर लक्ष्य पाना

(D) विकट परिस्थितियों से हार जाना

(ज) गद्यांश में आए 'मिथ्या' शब्द का उपयुक्त अर्थ है

(A) झूठा | (B) आपसी

(C) मिथक | (D) सत्य

**21.** व्याकरण संबंधी निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उपयुक्त उत्तर लिखिए : $1\times10=10$

(क) भारतीय आर्यभाषा परिवार के अंतर्गत 'बिहारी' हिन्दी में शामिल एक भाषा का नाम लिखिए।

(ख) 'जो देखने योग्य हो' के लिए एक शब्द क्या होगा?

(ग) 'राजेश्वर' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए।

(घ) रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद बताइए :

जहाँ धन है वहाँ मौज है।

(ङ) वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

कृपया आप कृपा करके आज ही पधारिए।

(च) क्रिया-विशेषण छाँटिए :

वह धीरे-धीरे चलता है।

(छ) 'धूल में मिला देना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ज) ''देश के लिए सैनिकों ने प्राण निछावर कर दिए।'' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?

(झ) 'बुढ़ापे की लाठी' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(ञ) 'उपहार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(ट) 'रात' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए।

(ठ) 'रात-दिन' में कौन-सा समास है

(ड) 'ता' प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाइए।

(ढ) 'विधवा' शब्द का विलोम क्या होगा?

(ण) 'अवश्य होने वाले' के लिए एक शब्द लिखिए।

**22.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+1=4

बैठ लें कुछ देर<br>
आओ एक पथ के पथिक से<br>
प्रिय, अन्त और अनन्त के,<br>
तम-गहन-जीवन घेर।

(क) इस कविता के कवि का नाम लिखिए।

(ख) इस कविता का मूल संदेश क्या है?

(ग) कविता किसे संबोधित है?

**23.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+2=4

(क) 'वैराग्य छोड़ बाँहों की विभा सँभालो' कहकर कवि क्या कहना चाहता है?

(ख) 'नीर भरी दुख की बदली' कहकर कवयित्री क्या संकेत दे रही है?

**24.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+1=4

यहीं बैठे मेरा ध्यान एक दूसरे पेड़ पर गया, जो इस पेड़ से काफी निचाई में था। पेड़ का ठूँठ, सूखा वृक्ष और सूखा वृक्ष माने निर्जीव मुरदा वृक्ष। सोचा वह वृक्ष का कंकाल है, जैसा एक दिन सबको होना है।

(क) गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक कौन हैं?

(ख) इसमें लेखक क्या संदेश देना चाहता है?

(ग) ठूँठ का पेड़ किसका प्रतीक है?

**25.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग *80-100* शब्दों में लिखिए : 2+2=4

(क) 'दो कलाकार' कहानी में चित्रा को किस चित्र पर देश-विदेश में ख्याति मिली? यह भी लिखिए कि अरुणा की ख्याति क्यों हुई।

**अथवा**

कुटज की तीन महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का उल्लेख कीजिए, जिन्हें आप अपने जीवन में उतारना चाहेंगे।

(ख) 'दो कलाकार' कहानी में अरुणा और चित्रा दोनों दो विभिन्न कार्यों में संलग्न चित्रित किए गए हैं। दोनों की सेवावृत्ति की विशेषता स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या कहना चाहा है? पाठ के आधार पर यह भी लिखिए कि पुरानी और नई पीढ़ी के बीच किस प्रकार का संबंध होना चाहिए।

**26.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×4=4

एक संत कवि थे, वे सहज भाव के थे, इसलिए लोग उन्हें घेरे रहते थे। एक बार गाँव के कुछ लोग तीर्थयात्रा पर जा रहे थे। उन्होंने संत को भी तीर्थयात्रा पर चलने को कहा। तीर्थयात्रा पर जाने में हर तरह से असमर्थता जताने के बावजूद लोग मानने को तैयार नहीं थे। उन्होंने थोड़ी देर सोच-विचार के बाद कहा—''देखो भाई, जरूरी काम की वजह से मैं तीर्थयात्रा पर नहीं जा पा रहा हूँ। ऐसा करो, मेरे बदले मेरा यह कद्दू साथ ले जाओ। जहाँ-जहाँ स्नान करो, इसे भी करा देना। इसे भी पवित्र स्थानों पर ले जाना।'' सहमति जताते हुए तीर्थयात्री की टोली ने वैसा ही किया। कद्दू को साथ ले लिया और सभी पवित्र स्थान पर उसे ले जाते, स्नान कराते। लंबी यात्रा के बाद सभी गाँव लौट आए और संतजी को कद्दू सौंप दिया। संत ने दूसरे दिन तीर्थयात्रा के उपलक्ष्य में एक भोज का आयोजन किया। भोज में अन्य व्यंजनों के साथ कद्दू की सब्जी भी बनवाई। कद्दू की सब्जी सबको कड़वी लग रही थी, उसे कोई नहीं खा रहा था। संत ने कारण जानने पर कहा—''यह वही कद्दू है जिसे आप तीर्थयात्रा पर ले गये थे। इतना तीर्थ कर नदियों में स्नान कराने पर भी इसका स्वाद नहीं बदला।'' उन्होंने सबको समझाया—''हम लाख तीर्थयात्रा कर लें, मन अगर कद्दू की तरह अंदर से कड़वा ही बना रहा तो कोई फायदा नहीं।''

(क) तीर्थयात्रा से आप क्या समझते हैं?

(ख) संत ने लोगों को तीर्थयात्रा के लिए कद्दू क्यों सौंपा?

(ग) तीर्थयात्रा के बाद भोज क्यों दिया गया?

(घ) कथानक से क्या संदेश मिलता है?

**27.** गाँव में बाढ़ आने पर भीषण स्थिति का सामना करते हुए लोगों की कठिनाई का अनुभव जो आपको हुआ उसको लगभग *40* शब्दों में व्यक्त कीजिए। 2

**28.** निम्नलिखित में से किसी **एक** का भाव-पल्लवन कीजिए : 2

(क) जब आवै संतोष धन सब धन धूरि समान।

(ख) पर उपकार कुशल बहुतेरे।

**29.** (क) प्रतिवेदन क्या है? नगर सुधार समिति ने नगर में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए एक समिति का गठन किया था। समिति के द्वारा दिए गए प्रतिवेदन को प्रस्तुत कीजिए। 4

**अथवा**

(ख) निम्नलिखित गद्यांश का *एक-तिहाई* शब्दों में सार लिखिए तथा उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए :

व्यायाम एक ऐसी क्रिया है जो आपके शरीर को मजबूत करने, आपके तंत्रिका तंत्र को मजबूत करने और आपकी आतंरिक शक्तियों को तेज करती है। व्यायाम निश्चित रूप से आपके शरीर को लाभान्वित करते हैं। व्यायाम करने से मानव शरीर तंदरुस्त, स्वस्थ, सुंदर और सुडौल बनता है। भौतिक शरीर वाले व्यक्ति को हजारों की भीड़ से आसानी से पहचाना जा सकता है। व्यायाम करने से शरीर का अंग स्वस्थ रहता है। आलस्य भाग जाता है। दिन भर ऊर्जा और उत्साह बना रहता है। व्यायाम का प्रभाव मन पर भी पड़ता है। शरीर के दुर्बल और रोगी होने से मन भी शिथिल हो जाता है। एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन और आत्मा रहती है। स्वस्थ समाज में स्वस्थ लोग होते हैं। व्यक्ति स्वस्थ और सुखी रहेगा, तो समाज भी स्वस्थ और सुखी रहेगा तथा मजबूत होगा। वे किसी भी बीमारी से लड़ने में सक्षम होंगे और पूरे जीवन का आनंद ले सकेंगे, जोश और उत्साह के साथ कार्य में संलग्न रहेंगे।

**30.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबंध लिखिए : 8

(क) जब मैंने मातृभाषा बोलनी सीखी

(ख) किताबें—ज्ञान का भंडार

(ग) मेरा प्रिय खेल

(घ) वृक्षारोपण से लाभ

**31.** एक सर्वेक्षण में उपभोक्ताओं से उनके पसंदीदा आइसक्रीम के स्वादों के बारे में सर्वेक्षण किया गया। निम्नलिखित तालिका के आधार पर एक बार (दंड) चित्र तैयार कीजिए : 8

| क्रम संख्या | आइसक्रीम का स्वाद | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | वनीला | 20 |
| 2 | स्ट्रॉबेरी | 15 |
| 3 | चॉकलेट | 17 |
| 4 | मैंगो | 25 |

## वैकल्पिक—I

## ( सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी )

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**32.** सूर्य और चन्द्रग्रहण के सही कारणों का पता किसने लगाया? 1

(A) ब्रह्मगुप्त (B) वराहमिहिर

(C) आर्यभट्ट (D) भास्कराचार्य

**33.** भारत के पहले शल्यचिकित्सक कौन थे? 1

(A) सुश्रुत (B) नागार्जुन

(C) ब्रह्मगुप्त (D) भास्कराचार्य

**34.** वैज्ञानिक उपकरणों के बल पर विश्व विजय नहीं प्राप्त कर सका है 1

(A) कृषि पर (B) रक्षा-विज्ञान पर

(C) इलेक्ट्रॉनिक पर (D) मृत्यु पर

**35.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में लिखिए : 1×3=3

(क) काय-चिकित्सा का प्रथम ग्रंथ और ग्रंथकार कौन हैं?

(ख) शालिहोत्र ने किस क्षेत्र में योगदान दिया?

(ग) नागार्जुन ने किस विज्ञान में कौन-सा ग्रंथ लिखा?

(घ) आधुनिक भारतीय विज्ञान का जनक किसे माना जाता है?

**36.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में लिखिए : 1×3=3

(क) वैज्ञानिक अनुसंधान में सरलता लाने के लिए भारत में किन संस्थाओं की स्थापना की गई?

(ख) सी० वी० रमण ने किस विषय पर वैज्ञानिक शोध किया?

(ग) भारतीय वैज्ञानिक अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में क्या कार्य कर रहे हैं?

(घ) परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र का उपयोग भारत में किन कार्यों के लिए होता है?

**37.** जनसंख्या नियंत्रण के उपायों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। 3

**38.** कंप्यूटर क्या है? इसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 3

## वैकल्पिक—II

## ( विज्ञान की भाषा—हिन्दी )

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**32.** सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ नहीं है 1

(A) शिक्षा का प्रचार-प्रसार

(B) मनोरंजन की आवश्यकता की पूर्ति

(C) सामाजिक-राजनीतिक जागरूकता का अभाव

(D) समाचारों के प्रति लोगों की बढ़ती रुचि

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है? 1

(A) प्रमुखतया संवाददाता, संवाददाता सम्मेलन, समाचार एजेन्सी, सूचना कार्यालय, संसद, विधानमंडल समाचार एकत्र करने के स्रोत हैं।

(B) समाचार संकलन में मोबाइल, कम्प्यूटर, ओ० बी० वैन का उपयोग नहीं होता।

(C) जनरुचि और जिज्ञासा से जुड़ी घटना समाचार होती है।

(D) महत्त्व के आधार पर समाचार प्रसारित किया जाता है।

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? 1

(A) समाचार-पत्रों की भाषा में शब्द और वाक्य रचना सरल नहीं होती है।

(B) समाचार-वाचक की आवाज मधुर और वाचन प्रभावी होना आवश्यक है।

(C) समाचार माध्यमों में जटिल और बोझिल भाषा के प्रयोग से विशेषता आती है।

(D) दूरदर्शन की भाषा आम बोलचाल की भाषा नहीं होती है।

**35.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में लिखिए : 1×3=3

(क) पाण्डुलिपि किसे कहते हैं?

(ख) संपादक का क्या दायित्व है?

(ग) प्रसारण का क्या अर्थ है?

(घ) दृश्य-श्रव्य कार्यक्रम क्या होते हैं?

**36.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में लिखिए : 1×3=3

(क) सीधा प्रसारण से आप क्या समझते हैं?

(ख) संचार माध्यमों की भाषा की दुरूहता और बोझिलता से बचने के लिए क्या करना चाहिए?

(ग) विज्ञापन किसे कहते हैं?

(घ) बाल-जगत कार्यक्रम में कैसे कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं?

**37.** धारावाहिक कार्यक्रम किसे कहते हैं? दूरदर्शन पर आने वाले किन्हीं **दो** धारावाहिकों के नाम लिखिए। 1+2=3

**38.** समाचारों के संकलन में तेजी लाने के लिए आजकल क्या किया जाता है? समाचार एजेंसियाँ किस माध्यम से समाचार संकलन करती हैं? 2+1=3

★ ★ ★